महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY
NAACA++ Accredited: ISO 9001:2015 & 14001:2015 Certified

पत्रांकः–रू0वि0 / रासेयो / 2026 / 2230-2236 दिनांकः–15.05.2026

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / कार्यक्रम अधिकारी,
विश्वविद्यालय परिसर एवं बरेली मण्डल के समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय (रा0से0यो0),
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।

विषयः–विकसित वाइब्रेंट विलेज क्विज–2026 में अधिकतम युवाओं की प्रतिभागिता हेतु प्रचार–प्रसार सम्बन्धी।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक रा0से0यो0 क्षेत्रीय निदेशालय के संलग्न पत्र संख्या स0 40–08 / रा0से0यो0 / क्षे. नि / लख / 2026–27 / 2037–2165, दिनांक 14 मई, 2026, का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा सांस्कृतिक आदान–प्रदान तथा सामुदायिक आधारित परिवर्तन में युवाओं की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के उदेश्य से गृह मंत्रालय (MHA) के सहयोग से विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम 2026 का आयोजन किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में सहभागिता करने हेतु माय भारत पोर्टल के माध्यम से 10 मई 2026 से 20 मई 2026 तक देशभर के युवाओं के लिए खुली ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है, क्विज प्रतियोगिता में 21–29 वर्ष की आयु वर्ग के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागितायों को जून 2026 में आयोजित होने वाले एक सप्ताह के विकसित वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा, जहाँ चयनित युवाओं को सीमावर्ती गांवों में सामुदायिक गतिविधियों, सांस्कृतिक आदान–प्रदान और सहभागितापूर्ण कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

अतः उक्त के क्रम में आपको निर्देशित किया जाता है कि विश्वविद्यालय / महाविद्यालय के रा0से0यो0 ईकाईयों के स्वयंसेवकों के माध्यम विकसित वाइब्रेंट विलेज क्विज–2026 में अधिकतम युवाओं को प्रतिभागिता हेतु प्रेरित करते हुए संलग्न पोस्टर, बैनर के माध्यम से प्रचार–प्रसार करवाना सुनिश्चित करें। साथ ही उक्त सम्बन्ध में प्रचार–प्रसार करते हुए फोटो एवं वीडियों को व्यक्तिगत एवं संस्थान के विभिन्न सोशल मिडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड करते हुए इस कार्यालय की ई–मेल आई0डी0 nssmjprubly@gmail.com पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिससे की ससमय सूचना शासन को प्रेषित किया जा सके।

नोटः–क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभागियों हेतु लिंक–mybharat.gov.in/pages/vvvp_2026

संलग्न–यथोक्त।

भवदीय

डॉ0(राजीव कुमार यादव)
कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचानार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. क्षेत्रीय निदेशक, रा0से0यो0 क्षेत्रीय निदेशालय केन्द्रीय भवन आठवॉ तल, हाल न0–1, सेक्टर–एच, अलीगंज लखनऊ–226024
2. विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी रा0से0यो0को0, उच्च शिक्षा विभाग, कक्ष संख्या–55, बहुखण्डी भवन, तृतीय तल, सचिवालय, उ0प्र0 शासन लखनऊ– 226001
3. कुलसचिव महोदय के संज्ञानार्थ।
4. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी महोदय के संज्ञानार्थ।
5. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
6. वेबसाइट प्रभारी को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

Rajiv

कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना